Bareilly, Saturday,
11 April 2026
BAREILLY EDITION
Price 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

MDCA और IK नेक्स्ट जेनरेशन सेमीफाइनल में

सेमीफाइनल में पहुंची टीम के कैप्टन को किया गया सम्मानित.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (10 April): बरेली: श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट (सीजन-6) में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा और उलटफेर देखने को मिले. पहले क्वार्टर फाइनल में बजाज टेक्सटाइल अमरोहा ने आइके कलेक्शन बरेली को 33 रन से हराया. दूसरे क्वार्टर फाइनल में मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसीए) ने तेजस्वी स्पोर्ट्स मेरठ को बेहद रोमांचक मुकाबले में पांच रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया. वहीं, तीसरे क्वार्टर फाइनल में आइके नेक्स्ट जनरेशन ने एसआरएमएस किंग्स को नौ विकेट से हराया. एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए दूसरे क्वार्टर फाइनल में तेजस्वी स्पोर्ट्स के कप्तान ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया. एमडीसीए ने 233 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. टीम की ओर से ऋतुराज शर्मा ने 92 रन, सत्यम संगू ने 49 रन, हर्ष त्यागी ने 40 रन और समीर चौधरी ने 26 रन बनाए, लक्ष्य का पीछा करने उतरी तेजस्वी स्पोर्ट्स की शुरुआत खराब रही. हालांकि ओपनर विआन राना ने नाबाद 149 रन की विस्फोटक पारी खेली. उन्होंने 11 छक्के और 15 चौके लगाए, फिर भी टीम को पांच रन से हार का सामना करना पड़ा. इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए दो खिलाड़ियों को मैन आफ द मैच चुना गया.